एक्शन टूलकिट

विश्व कैंसर दिवस
4 फरवरी

साथ भी, खास भी

# छोटे-छोटे एक्शन से बड़ा असर

# कैसा होगा अगर कैंसर केयर के बारे में फिर से लिखा जा सके? क्या होगा अगर इस केयर में लोगों की विविधताओं को अपनाया जाए और यह पक्का किया जाए कि हर कोई जैसा है उसे वैसे ही अपनाया जाए और हर एक को ज़रूरी केयर मिल सके? यह नज़रिया हेल्थ सिस्टम के साथ-साथ ज़िंदगियों को भी सुधारने की ताकत रखता है.

**जन-केंद्रित केयर** ज़्यादा मानवीय और असरदार होती है लेकिन फिर भी इसकी राह में कई अड़चनें हैं. और इनसे निपटने के लिए हमें ज़रूरत होगी जानकारी की, कड़ी मेहनत की और अटूट संकल्प की. **हमें ज़रूरत होगी आपकी.**

**मकसद एक, ज़रूरतें अनेक.** ये शब्द विश्व कैंसर दिवस की एक्टिविटीज़ के दौरान अक्सर सुनाई देंगे. **साथ भी, खास भी** का मतलब है **कि हर एक व्यक्ति की अपनी खास ज़रूरतें, नज़रिया और कहानी है**, फिर भी जिन्हें कैंसर है, उनका मकसद **एक** है और वो है कैंसर के बोझ को कम करना, कैंसर का सफल ट्रीटमेंट होते देखना, और कैंसर के साथ बेहतर जीवन जीना.

**यह एक्शन टूलकिट, उन एक्शन, रिसोर्सेज़ और आइडिया से आपको रूबरू कराएगा जिनकी मदद से आप बदलाव ला सकेंगे.**

**4 फ़रवरी को, आप तैयार रहेंगे हमसे जुड़ने के लिए क्योंकि हम कैंसर केयर का नज़रिया बदल रहे हैं.**

**#साथभीखासभी**
**#विश्वकैंसरदिवस**



# कैंसर दुनिया में मौत की मुख्य वजहों में से एक है.

## लगभग हर कोई किसी न किसी को जानता है जो कैंसर से सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है, हो रहा है, या भविष्य में होगा.

जागरूकता का बढ़ना, बेहतर रोकथाम, ज़्यादा असरदार ट्रीटमेंट और केयर से जीवन बचाए जा सकते हैं. फिर भी, कैंसर का बोझ बढ़ता जा रहा है. **विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगर हमने कोई कदम नहीं उठाए तो 2040 तक नए कैंसर के मामलों की संख्या 3 करोड़ से ज़्यादा** हो जाएगी.

**हर 5 में से 1** व्यक्ति को अपने जीवन में कैंसर होगा

लगभग **9 में से 1 पुरुष** और **12 में से 1 महिला** की मौत कैंसर से होती है

2022 में, लगभग **2 करोड़** नए कैंसर के मामले सामने आए

इसी अवधि में, कैंसर ने **97 लाख लोगों** की जान ले ली

कैंसर केयर की लागत का सालाना आर्थिक प्रभाव **1 ट्रिलियन डॉलर** से ज़्यादा है

WHO.INT **पर कैंसर से जुड़ी ज़रूरी बातें जानें**

# कैंपेन थीम 2025-2027

## कैंसर से पैदा हुई चुनौती का सामना करने के लिए, हमें अपने सभी रिसोर्सेज़ को जुटाना होगा, अपने समुदायों को सशक्त बनाना होगा, और जन-केंद्रित केयर के रास्ते में जो अड़चनें हैं उन्हें दूर करने के लिए कदम उठाने होंगे.

2025 से 2027 तक, हम सभी विश्व कैंसर दिवस पर **साथ भी, खास भी** कैंपेन थीम के तहत एकजुट होंगे. यह कैंपेन विविधता को अपनाता है: हर किसी की अपनी खास ज़रूरतें हैं, नज़रिए हैं और कहानियाँ हैं, फिर भी हमारी विविधताओं के बावजूद हम वैश्विक कैंसर के बोझ को कम करने और सभी के लिए बढ़िया क्वॉलिटी वाली कैंसर केयर उपलब्ध होने की हमारी साझा उम्मीद को लेकर एकजुट हैं.

हम विश्व स्तर पर जन-केंद्रित कैंसर केयर की सामूहिक रूप से वकालत करेंगे, और हमारी ये कोशिशें जिस टूल से सबसे ज़्यादा मज़बूत होंगी वो टूल है: आपकी खास कहानी.



# कैंपेन रोडमैप

**"साथ भी, खास भी"** कैंपेन जन-केंद्रित केयर के अलग-अलग पहलुओं और बदलाव लाने के नए तरीकों को एक्सप्लोर करेगा. यह इसलिए है ताकि हमारी खास ज़रूरतें और नज़रिए सामने आ सकें और साथ ही हमारे साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एकजुट हुआ जा सके. हर किसी की अहम भूमिका है: मरीज़ों की, उनके प्रियजनों की, देखभाल करने वालों की, दोस्तों की, पड़ोसियों की, डॉक्टरों की, शोधकर्ताओं की, वकीलों की, और सहयोगियों की. यह कैंपेन एक तीन साल का रोडमैप लिए हुए है जिसकी शुरुआत आपके साथ होगी.

## 2025
## आपकी कहानी सुनी जाएगी

कैंसर और कैंसर केयर के साथ के अपने खास अनुभव को शेयर करें. मिलकर हम यह साबित करेंगे कि कैंसर से जुड़ी दो कहानियाँ बिल्कुल एक जैसी नहीं होतीं और हर किसी को उनकी खास ज़रूरतों के मुताबिक केयर पाने का हक है.

## 2026
## आपकी कहानी सोच बदलेगी

2025 में शुरू किए गए काम को हम 2026 में आगे बढ़ाते हैं। अभियान यह समझेगा कि लोगों-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है.

## 2027
## आपकी कहानी कार्रवाई को प्रेरित करेगी

अब जब हमने कमियाँ देख ली हैं और समस्या को समझ लिया है, तो अभियान का तीसरा और अंतिम वर्ष कार्रवाई के लिए समर्पित है। हम व्यक्तिगत कहानियों को एक मज़बूत आवाज़ में बदलते हुए, अधिक संवेदनशील, दयालु और समावेशी कैंसर देखभाल की मांग करेंगे.

# समस्या क्या है?

**कैंसर से प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ 2022 में ही 2 करोड़ लोगों को इसका निदान मिला। बहुतों के लिए कैंसर एक दीर्घकालिक स्थिति बन जाता है, जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों के साथ जुड़ता है और लंबे समय तक जटिल देखभाल की आवश्यकता होती है.**

कैंसर जीवन के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है — नौकरी के अवसर, आर्थिक और पारिवारिक ज़िम्मेदारियाँ, रिश्ते, और शारीरिक, यौन व भावनात्मक सेहत. इसका प्रभाव केवल रोगी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देखभाल करने वाले, परिवार और समुदाय भी प्रभावित होते हैं.

जैसे-जैसे कैंसर से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ रही है, वैसे-वैसे यह ज़रूरी हो गया है कि सेवाएँ सभी के लिए सुलभ हों और उनकी ज़रूरतों के अनुसार हों.



# जन-केंद्रति केयर क्या है?



**जन-केंद्रित केयर** का मतलब है बीमारियों के बजाय लोगों को फ़ोकस में रखकर हेल्थ सेवाओं को नई दिशा देना. यह नज़रिया मानता है कि हर व्यक्ति खास है, यह उनके लिए गए अनुभवों की इज़्ज़त करता है, और उन्हें फ़ैसले लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए मज़बूत बनाता है. यह केवल लोगों को ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के अलावा भी दूसरे समुदायों को इसमें शामिल करता है. यह एक ऐसा नज़रिया है जो स्वास्थ्य साक्षरता और कैंसर की रोकथाम में सुधार कर सकता है.

**यह असरदार है.** जन-केंद्रित केयर, सबके साथ समान बर्ताव और सबको शामिल किए जाने को बढ़ावा देती है. इससे बढ़िया क्वॉलिटी की केयर और ज़्यादा संतुष्टि मिलती है, और लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच और ज़्यादा भरोसेमंद रिश्ता बनता है. साथ ही रोकथाम और इलाज के नतीजों में भी सुधार आता है.

**BIT.LY/3NPJPDU**
**पर जन-केंद्रित कैंसर केयर के फ़ायदों के बारे में जानें**

# तो, क्या इसे जन-केंद्रित, व्यक्ति-केंद्रित, या मरीज़-केंद्रित केयर कहा जाए?

# ये शब्द एक-दूसरे से करीब हैं, लेकिन बिल्कुल एक समान हैं, ऐसा नहीं है.

**मरीज़-केंद्रित केयर** में व्यक्ति को हेल्थकेयर सिस्टम के अंदर मरीज़ के तौर पर देखा जाता है.

**व्यक्ति-केंद्रित केयर** व्यक्ति के जीवन के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर उन्हें समग्रता में देखती है.

**जन-केंद्रित केयर** समूची आबादी और समुदायों की सेहत और भलाई पर ध्यान देती है, जिसका मकसद हेल्थकेयर सिस्टम में सुधार और सभी लोगों को एक्सेस दिलाना है.

# सबसे बड़ी रुकावटें



## जन-केंद्रित कैंसर केयर असरदार है, पर यह पहले से ही हर जगह हेल्थ सिस्टम का हिस्सा क्यों नहीं है?



### इसके रास्ते में कुछ अड़चनें हैं, मसलन:

- जन-केंद्रित केयर को बढ़ावा देने, उसे लागू करने, और उसके लिए फ़ंड जुटाने के लिए राजनीतिक **संकल्प की कमी**
- **वित्तीय और मानव रिसोर्सेज़** की कमी, खास तौर पर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में
- जन-केंद्रित केयर और कैसे इसे सबसे बेहतरीन तरीकों से लागू किया जाए, **इसे लेकर शिक्षा की कमी**
- **केयर प्रदान करने वाले लोगों के बीच बदलाव को लेकर हिचकिचाहट** जो कि जन-केंद्रित मॉडल के लिए ज़रूरी मानसिक बदलाव के रास्ते में रुकावट बन सकती है.

इन चुनौतियों से पार पाने के लिए, हमें जागरूकता बढ़ानी होगी, मानसिकता बदलनी होगी, और जन-केंद्रित केयर के लिए ज़ोरदार वकालत करनी होगी ताकि हर कोई — कैंसर से पीड़ित लोग, उनके सामाजिक दायरे के लोग और समुदाय, और स्वास्थ्यकर्मी— इसके फ़ायदों का अनुभव कर सकें.

# हम लोगों-केंद्रित देखभाल कैसे सुनिश्चित करें?

लोगों-केंद्रित कैंसर देखभाल के लिए गहरा और बहुआयामी बदलाव आवश्यक है। कुछ ठोस कदम वास्तविक अंतर ला सकते ह.



**सिद्धांत 1:**
**लोगों और समुदायों को शामिल करना**

**सिद्धांत 2:**
**देखभाल के मॉडल को पुनः दिशा देना**

**सिद्धांत 3:**
**शासन में समानता, समावेशन और पारदर्शिता**

**सिद्धांत 4:**
**कैंसर देखभाल सुधार के लिए अनुकूल वातावरण बनाना**

**और पढ़ें**
**WORLDCANCERDAY.ORG/THE-CAMPAIGN**

# एक्शन लेना

# एक्शन लेना:
# छोटी शुरुआत करना

## हर कोई कहीं न कहीं से शुरुआत करता है. कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं या आपकी जान-पहचान है या नहीं, दुनिया भर में जन-केंद्रित कैंसर केयर को एक वास्तविकता बनाने में मदद करने के लिए आप भी कुछ ना कुछ कर सकते हैं.

**इसकी शुरुआत जागरूकता**फैलाने से होती है. जितना आप जानेंगे, उतना ही आप अपने करीबी लोगों के साथ कैंसर केयर के एक अलग मॉडल की ज़रूरत के बारे में बात कर पाएँगे. कैंसर और जन-केंद्रित केयर के फ़ायदों के बारे में और ज़्यादा जानें.

**जानें कि आप कार्रवाई कैसे कर सकते हैं।**
**BIT.LY/4ELSJOQ**



# अपनी कहानी साझा करें

## आपकी कहानी में ताकत ह.

कैंसर देखभाल को सबसे अच्छी तरह वही समझते हैं जो इसे अनुभव करते हैं। चाहे आप कैंसर के साथ जी रहे हों, देखभाल करने वाले हों, परिवार या मित्र हों, या वकालत कर रहे हों — आपकी कहानी मायने रखती है। आप जानते हैं कि क्या काम करता है, क्या नहीं, और क्या सच में बदलाव लाता ह.

**इसी कारण हम कुछ सरल प्रश्न पूछ रहे हैं, ताकि दुनिया भर की आवाज़ें एकत्र कर सकें। हम समझना चाहते हैं कि विभिन्न लोगों, संस्कृतियों, समुदायों और परिस्थितियों में कैंसर देखभाल वास्तव में कैसी महसूस होती है.**

## आपकी कहानी जानकारी दे सकती है, प्रेरित कर सकती है और बदलाव की ऊर्जा पैदा कर सकती है.

कैंसर का अनुभव हर व्यक्ति के लिए अलग होता है। लेकिन साथ मिलकर, ये अनुभव बड़े बदलाव ला सकते हैं। कहानियाँ बातचीत का रुख बदल सकती हैं, कमियों को उजागर कर सकती हैं, और कैंसर देखभाल को अधिक मानवीय और दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं.

**WORLDCANCERDAY.ORG/SHARE-YOUR-STORY**
**पर अपनी कहानी अभी शेयर करें**





# एक्शन लेना: अगले कदम



## ये ज़रूरी नहीं है कि हर असरदार एक्शन मुश्किल हो. यहाँ 6 सरल तरीके दिए गए हैं जो बदलाव ला सकते हैं:

**सोशल मीडिया पर यह संदेश साझा करें और** अपनी कम्युनिटी — सहकर्मियों, दोस्तों, परिवार और फ़ॉलोअर्स — को लोगों-केंद्रित कैंसर देखभाल का समर्थन करने के लिए शामिल करें. हैशटैग #UnitedByUnique और #WorldCancerDay का उपयोग करना न भूलें. वेबसाइट पर जाकर संसाधन और अभियान सामग्री डाउनलोड करें.

**आप भी एक्शन का हिस्सा बनें** और आपके आसपास विश्व कैंसर दिवस को लेकर जो भी प्रोग्राम और एक्टिविटीज़ हो रही हों उन्हें ढूँढें और उनके लिए साइन अप करें या वॉलंटियर करें. मैप देखने के लिए worldcancerday.org/map-activities पर क्लिक करें.

**कंटेंट का अनुवाद करें.** हमारे वॉलंटियर अनुवादकों के साथ काम करें, ये विश्व कैंसर दिवस कैंपेन से जुड़े रिसोर्सेज़ को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों के लिए उपलब्ध करते हैं और उन्हें एक्सेसिबल बनाते हैं. hello@worldcancerday.org पर मेल करके साइन अप करें.

**सोशल मीडिया पर या आमने-सामने "अपसाइड डाउन चैलेंज"** में भाग लें. worldcancerday.org/upside-down-challenge पर और प्रेरणा पाएँ.

**दुनिया को रोशन करें:** विश्व कैंसर दिवस पर किसी अहम जगह, स्मारक, या इमारत को कैसे रोशनी से सजाया जाए इसके बारे में ज़्यादा जानने के लिए hello@worldcancerday.org से संपर्क करें.

**विश्व कैंसर दिवस के लिए सीधे डोनेट करें**, इससे हमें दुनिया भर के देशों में असल में फ़र्क ला पाने में मदद मिलती है. worldcancerday.org/donate पर अभी डोनेट करें.

# कैंपेन मटीरियल:
# शुरुआत करने के लिए कुछ अच्छे टूल्स

### हमारे पोस्टर्स का इस्तेमाल करें...

विश्व कैंसर दिवस के मुफ़्त में मिलने वाले पोस्टर डिस्प्ले कर और बाँट कर जागरूकता बढ़ाएँ, जो कई भाषाओं में उपलब्ध हैं. ये मटीरियल अपनी खुद की कोई एक्टिविटी शुरू करने के लिए एक शानदार शुरुआत हो सकते हैं.
worldcancerday.org/materials

### ...या आप खुद

के पोस्टर भी बना सकते हैं. इस कैंपेन पर अपनी खुद की छाप छोड़ें और विश्व कैंसर दिवस के लिए एक कस्टमाइज़्ड पोस्टर बनाएँ जिसमें आपका खुद का 'साथ भी, खास भी' का मैसेज और आपकी फ़ोटो हो. पोस्टर बनाएँ, कस्टमाइज़ करें, डाउनलोड करें, और इसे सीधे सोशल मीडिया पर शेयर करें.
worldcancerday.org/custom-poster

### हाउ-टू गाइड्स (कैसे करें बताने वाली गाइडें)

समझ नहीं आ रहा कि कहाँ से शुरू करना चाहिए? हमारे 'हाउ टू' पेज (कैसे करें बताने वाले पेज) विश्व कैंसर दिवस को लेकर अलग-अलग एक्टिविटीज़ करने में आपकी मदद करने के लिए उपयोगी हिंट, सुझावों और तरकीबों से भरे हुए हैं. इस पूरी सीरीज़ में सोशल मीडिया, एडवोकेसी, इवेंट प्लानिंग, बातचीत और फ़ंड रेज़िंग जैसे टॉपिक शामिल हैं.
bit.ly/4haa8ls

### इन्फ़ोग्राफ़िक्स

जन-केंद्रित केयर को लेकर लोगों को जागरूक करें और आकर्षक और जानकारी से भरे इन्फ़ोग्राफ़िक्स के साथ अपने समुदाय को शिक्षित करने में मदद करें.
bit.ly/4dO8p2w

### लोगो फ़ाइल्स और आर्टवर्क

विश्व कैंसर दिवस और कैंपेन थीम से जुड़े लोगो का इस्तेमाल आपके विश्व कैंसर दिवस से जुड़े मटीरियल में मुफ़्त में किया जा सकता है. रेडीमेड आर्टवर्क फ़ाइलें आपके लिए जानकारियों को फैलाना और भी आसान बनाती हैं.
bit.ly/3YfLkzM

### फ़ैक्ट शीट्स

फ़ैक्ट जानें और हमारी जानकारी से भरी फ़ैक्ट शीट्स से कैंसर से जुड़े कुछ सबसे ज़्यादा अहम मसलों को एक्सप्लोर करें.
bit.ly/4fdYC77



**WORLDCANCERDAY.ORG/MATERIALS**
**पर सभी रिसोर्सेज़ डाउनलोड करें**

# एक्शन लेना:
# आज ही अपनी छाप छोड़ें

## अपने समुदाय और दुनिया भर में बदलाव लाने के बहुत से तरीके हैं, और आपको 4 फ़रवरी का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है. आप कभी भी शुरुआत कर सकते हैं. यहाँ कुछ ऐसे तरीके दिए गए हैं जिनसे आप बदलाव ला सकते हैं:

### पॉलिसी में बदलावों की वकालत करें

अपने लीडर्स से संपर्क करें! कई स्थानीय और रीजनल डिसिशन-मेकर के अपने ऐसे ऑफ़िस होते हैं जहाँ आप अपने मुद्दे बताने के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं. आप पर्सनल अप्रोच लेकर अपने प्रतिनिधियों को सीधे कॉल कर सकते हैं या उन्हें लिख सकते हैं, जिससे उन्हें यह समझ में आ पाए कि जन-केंद्रित कैंसर केयर कितनी अहम है. यहाँ तक कि आप अपनी ओर से एक मज़बूत कॉल टू एक्शन की पहल कर सकते हैं या फिर इसे लेकर एक ओपन लेटर भी बना सकते हैं और दूसरों को उस पर साइन करने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं.

### अपना समय दें

अपने इलाके में सामुदायिक संगठनों के बारे में पता करें या स्थानीय अस्पतालों या कैंसर संघों में वॉलंटियरिंग के मौकों के बारे में पता लगाएँ. यह न केवल लोगों की ज़िंदगियों में बदलाव लाने का एक शानदार तरीका है, बल्कि समान विचारधारा वाले लोगों के साथ ऐसे रिश्ते बनाने का भी मौका है जो बाद में ज़मीनी लेवल पर ज़्यादा असरदार कोशिशों को अंजाम देते हैं.

### अपने समुदाय को एकजुट करें

संख्या में ताकत होती है. लोगों को शिक्षित करने और उनमें इस मुहिम को लेकर दिलचस्पी और जज़्बा जगाने के लिए कम्युनिटी वर्कशॉप्स, चाय पर चर्चा जैसा जानकारीपरक इवेंट, या जन-केंद्रित केयर पर आधारित ऑनलाइन सेमिनार आयोजित करें.

### क्रिएटिविटी दिखाएँ

कैंसर से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों और प्रियजनों के निजी अनुभवों के बारे में जागरूकता लाने के नए तरीके खोजने के लिए अपनी निजी कहानी की ताकत का इस्तेमाल करें. अपने नेटवर्क के साथ अपने फ़र्स्ट हैंड अनुभव शेयर करें और उन्हें भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें. हो सकता है कि आप दूसरों को हमारे 'साथ भी, खास भी' कैंपेन में अपने नज़रिए और खास कहानियाँ जोड़ने के लिए प्रेरित कर सकें, जिससे हमारी सामूहिक कोशिशों को और भी मज़बूती मिलेगी.

**आप जो कुछ भी करने का फ़ैसला करें, अपनी एक्टिविटी या इवेंट को WORLDCANCERDAY.ORG/MAP-ACTIVITIES पर विश्व कैंसर दिवस एक्टिविटी मैप पर रजिस्टर करना न भूलें.**

# प्रेरणा लें: UICC मेंबर्स ने कैसे एक्शन लिया है

क्या किसी प्रेरणा की ज़रूरत है? एजुकेशन इवेंट्स से लेकर रोमांचक स्पोर्ट्स चैलेंज और फ़ंड रेज़िंग वॉक-अ-थॉन तक, विश्व कैंसर दिवस की एक्टिविटीज़ ने पिछले कुछ सालों में कई आकर्षक और मज़ेदार रूप लिए हैं. इनमें से जो कुछ हमने देखा है ये सब उन कमाल के कामों का सिर्फ़ एक छोटा सा नमूना है.

**घाना में एक पैनल चर्चा...**
**पाकिस्तान में एक बाइक राइड...**
**हंगरी में चैरिटी योगा...**
**ऑस्ट्रेलिया में विश्व कैंसर दिवस के लिए एक नया गाना...**
**बहरीन में एक ज़ुम्बा सेशन...**
**अर्जेंटीना में मुफ़्त मैमोग्राम...**
**नेपाल में एक जागरूकता रैली...**
**इक्वाडोर में एक फ़ैशन फ़ंडरेज़र...**
**यूके में एक नेटवर्किंग इवेंट...**

**इस सबमें शामिल होने और अपनी आवाज़ उठाने के तरीकों की कोई सीमा नहीं है.**

**BIT.LY/4EHNVIV पर जानें कि विश्व कैंसर दिवस ने और किन एक्शन को प्रेरणा दी है**







# और आइडिया चाहिए?

जन-केंद्रित कैंसर केयर के लिए आप क्या कर सकते हैं, इसके लिए और भी प्रेरणा की तलाश कर रहे हैं? विश्व कैंसर दिवस की ताज़ा खबरें पाना चाहते हैं?

**WORLDCANCERDAY.ORG** पर जाएँ, हमारे सोशल मीडिया चैनल फ़ॉलो करें, और **BIT.LY/4HAKGEI** पर हमारी मेलिंग लिस्ट जॉइन करें.



WORLDCANCERDAY

@WORLDCANCERDAY

@WORLDCANCERDAY

WORLDCANCERDAY_OFFICIAL

@UICC

# विश्व कैंसर दिवस को सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद

VISIONARY PARTNERS

abbvie
Boehringer Ingelheim
FUJIFILM
LA ROCHE POSAY LABORATOIRE DERMATOLOGIQUE
MSD
Roche

GROWTH PARTNERS

AMGEN
Genmab
Jazz Pharmaceuticals
novo nordisk®
ONO PHARMA
sanofi

---

UICC

विश्व कैंसर दिवस अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ की एक पहल है।

अधिक जानकारी और नवीनतम समाचार प्राप्त करें - worldcancerday.org पर हमारे न्यूज़लेटर के लिए साइन अप करें।

क्या आपके पास प्रश्न हैं? हमें ईमेल करें। hello@worldcancerday.org

विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी

साथ भी, खास भी